भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1243
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 06 दिसंबर, 2021
15 अग्रहायण, 1943 (शक)

**यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल स्मारकों की सूची**

1243. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:
श्री सु.थिरूनवुक्करासर:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किए गए देश में मौजूद स्मारकों के नामों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख): क्या हड़प्पा शहर, गुजरात और रामप्पा मंदिर, वारंगल को हाल ही में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है;

(ग): यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इससे आगंतुकों की संख्या में वृद्धि करने में कितनी मदद मिलेगी;

(घ): क्या सरकार ने यूनेस्को की सूची में और अधिक स्मारकों को शामिल करने के लिए नामांकन भेजने हेतु कोई कदम उठाए हैं; और

(ड.): यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
**संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**
**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): वर्तमान में भारत के पास 40 विश्व विरासत संपत्तियां हैं। जिनमें से 32 सांस्कृतिक, 07 प्राकृतिक और 01 मिश्रित संपत्ति है। स्मारकों सहित विश्व विरासत संपत्तियों की सूची **अनुबंध-क** में दी गई है।

(ख) और (ग): जी, हां। वर्ष 2021 में, धोलावीरा: एक हड़प्पन शहर, गुजरात और काकतिया रूद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर को विश्व विरासत समिति द्वारा विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है। किसी स्थल के विश्व विरासत सूची में शामिल होने से देश को और स्थल को सम्मान मिलता है जिसके परिणाम स्वरूप पर्यटकों की संख्या और अन्य आर्थिक कार्यकलाप बढ़ने में मदद मिलती है।

(घ) और (ड.): जी, हां। स्मारक/स्थल संपत्तियों को यूनेस्को की सूची में शामिल करना एक सतत् प्रक्रिया है। विश्व विरासत कनवेंशन के कार्यान्वयन हेतु प्रक्रिया संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक देश सांस्कृतिक/प्राकृतिक अथवा मिश्रित में से केवल एक नामांकन भेज सकता है। 2021-22 की अवधि के लिए भारत स्थित शान्तिनिकेतन को अभिलेखन की प्रक्रिया हेतु विश्व विरासत केंद्र को भेजा गया है।

अनुबंध-क

लोक सभा में दिनांक 06.12.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 1243 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

भारत में विश्व विरासत स्थल (कुल 40)

क. भारत में सांस्कृतिक विश्व विरासत संपत्तियां : 32

ख. भारत में प्राकृतिक विश्व विरासत संपत्तियां : 07

ग. भारत में मिश्रित विश्व विरासत संपत्तियां : 01

सांस्कृतिक स्थल :

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षणाधीन (24)

| क्र. सं. | स्थल का नाम | राज्य | अभिलेखन का वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | आगरा किला | उत्तर प्रदेश | 1983 |
| 2. | अजन्ता गुफाएं | महाराष्ट्र | 1983 |
| 3. | एलोरा गुफाएं | महाराष्ट्र | 1983 |
| 4. | ताजमहल | उत्तर प्रदेश | 1983 |
| 5. | स्मारक समूह, महाबलीपुरम | तमिलनाडु | 1984 |
| 6. | सूर्य मंदिर, कोणार्क | ओडीशा | 1984 |
| 7. | चर्च तथा कॉन्वेंट, गोवा | गोवा | 1986 |
| 8. | फतेहपुर सीकरी | उत्तर प्रदेश | 1986 |
| 9. | स्मारक समूह, हम्पी | कर्नाटक | 1986 |
| 10 | मंदिर समूह, खजुराहो | मध्य प्रदेश | 1986 |
| 11. | एलिफेंटा गुफाएं | महाराष्ट्र | 1987 |
| 12. | तंजावुर, गंगईकोंडाचोलपुरम और दारासुरम में स्थित विशाल जीवित चोल मंदिर | तमिलनाडु | 1987 और 2004 |
| 13. | स्मारक समूह, पट्टडकल | कर्नाटक | 1987 |
| 14. | बौद्ध स्मारक, सांची | मध्य प्रदेश | 1989 |
| 15. | हुमायूं का मकबरा, दिल्ली | दिल्ली | 1993 |
| 16. | कुतुब मीनार और इसके स्मारक, दिल्ली | दिल्ली | 1993 |
| 17. | शैलाश्रय, भीमबेटका | मध्य प्रदेश | 2003 |
| 18. | चम्पानेर - पावागढ़ पुरातत्वीय उद्यान | गुजरात | 2004 |
| 19. | लाल किला परिसर, दिल्ली | दिल्ली | 2007 |
| 20. | राजस्थान के पहाड़ी किले (चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, जैसलमेर तथा रणथम्भौर, आमेर और गगरौन किले) (आमेर और गगरौन किले राजस्थान राज्य पुरातत्व और संग्रहालय के संरक्षणाधीन हैं|) | राजस्थान | 2013 |
| 21. | रानी-की-वाव, पाटन | गुजरात | 2014 |
| 22. | नालंदा महाविहार के पुरातत्वीय स्थल, (नालंदा विश्वविद्यालय), नालंदा | बिहार | 2016 |
| 23. | धौलावीरा : एक हड़प्पन शहर | गुजरात | 2021 |
| 24. | काकतिया रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, तेलंगाना | तेलंगाना | 2021 |

**रेल मंत्रालय के संरक्षणाधीन (2)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25. | भारत का पर्वतीय रेलवे (दार्जिलिंग, 1999), नीलगिरि (2005), कालका -शिमला | पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश | 2008 |
| 26. | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (पूर्व विक्टोरिया टर्मिनस), | महाराष्ट्र | 2004 |

**बोधगया मंदिर प्रबंधक समिति के संरक्षणाधीन (1)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | महाबोधि मंदिर परिसर, बोधगया | बिहार | 2002 |

**राजस्थान राज्य पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के संरक्षणाधीन(1)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28. | जन्तर मन्तर, जयपुर | राजस्थान | 2010 |

**चंडीगढ़ प्रशासन के संरक्षणाधीन (1)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29. | ली. कॉर्बुजियर के वास्तुशिल्पीय कार्य, आधुनिक आंदोलन में उत्कृष्ट योगदान | चंडीगढ़ | 2016 |

**अमहदाबाद नगर निगम के संरक्षणाधीन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30. | ऐतिहासिक शहर अहमदाबाद | गुजरात | 2017 |

**बॉम्बे नगर निगम के संरक्षणाधीन (1)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31. | विक्टोरियन एंड आर्ट डेको एन्सेम्बल ऑफ मुंबई | महाराष्ट्र सरकार | 2018 |

**जयपुर नगर निगम के संरक्षणाधीन (1)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32. | जयपुर शहर, राजस्थान | राजस्थान सरकार | 2019 |

**प्राकृतिक स्थल**

**पर्यावरण एवं वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षणाधीन (7)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33. | काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | असम | 1985 |
| 34. | केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | राजस्थान | 1985 |
| 35. | मानस वन्य जीव अभ्यारण्य | असम | 1985 |
| 36. | सुन्दरवन राष्ट्रीय उद्यान | पश्चिम बंगाल | 1987 |
| 37. | नन्दादेवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान | उत्तराखण्ड | 1988, 2005 |
| 38. | पश्चिमी घाट | कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु | 2012 |
| 39. | वृहत हिमालयी राष्ट्रीय पार्क | हिमाचल प्रदेश | 2014 |

**मिश्रित स्थल (1)**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षणाधीन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 40. | कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान | सिक्किम | 2016 |

*****